
## पाठ 4

# मेरा देश महान है



काश्मीर की केशर जिसके,
तिलक लगाती है।
जिसकी सत्य-अहिंसा घर-घर
अलख जगाती है।

जिसका पावन गंगा जल,
अमृत कहलाता है।
ऋषि-मुनियों का देश यही,
जग का पथ दाता है।
भारत से मानवता का ,
हुआ सदा उत्थान है।
मेरा देश महान है।




भारत का ही उच्च -हिमालय,
रक्षा की दीवार है ।
भारत में ही ताजमहल है।
और कुतुब-मीनार है।

भारत ने ही मानवता का,
जग को पाठ पढ़ाया है।
सारे जग में विश्व-शांति का ,
जगमग दीप जलाया है।
बढ़ती ही जाती भारत की,
आन-बान और शान है।
मेरा देश महान है।

▸ भीष्म सिंह चौहान

### शिक्षण संकेत

- शिक्षक कविता का हाव-भाव लय के साथ स्वयं वाचन करें और बच्चों से भी कराएँ ।
- बच्चों को भारत का मानचित्र दिखाकर नगरों, इमारतों, नदियों, पर्वतों, आदि के बारे में संक्षिप्त चर्चा कीजिए ।



## नए शब्द

**अलख जगाती** = जाग्रति पैदा करती है। **पावन** = पवित्र। **दाता** = देने वाला। **जग** = संसार। **पथ**=रास्ता।
**अहिंसा** = किसी प्राणी या जीव को न सताना, या न मारना। **उत्थान** = प्रगति, विकास। **उच्च** = ऊँचा।



## अनुभव विस्तार

### 1. कविता से खोजकर लिखिए-

**( क ) सही जोड़ियाँ बनाइए –**

| | |
|---|---|
| 1. जिसका पावन | भारत में ही |
| 2. केशर | उच्च हिमालय |
| 3. रक्षा की दीवार | गंगा जल |
| 4. कुतुब मीनार | काश्मीर की |

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. जिसकी सत्य .......................... .....घर–घर अलख जगाती है।
2. .................... ..................................में ही ताजमहल है।
3. सारे जग में ............................ ....का जगमग दीप जलाया है।
4. जिसका पावन ..................................... अमृत कहलाता है ।

### 2. अति लघु उत्तरीय प्रश्न –

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए –**

1. केशर की क्यारी किसे कहा जाता है?
2. जग को मानवता का पाठ किसने पढ़ाया?
3. हिमालय को रक्षा की दीवार क्यों कहा गया है?
4. भारत ने विश्व को कौन–सा पाठ पढ़ाया है?

## 3. लघु उत्तरीय प्रश्न –

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से पाँच वाक्यों में दीजिए-**

1. भारत देश को जगत का पथ दाता क्यों कहा गया है?
2. "जिसकी सत्य–अहिंसा घर–घर अलख जगाती है" से कवि का क्या आशय है?
3. भारत में कौन–कौन सी प्रसिद्ध इमारतें हैं ? उनके नाम लिखिए ।
4. विश्व को भारत ने किन–किन बातों की शिक्षा दी है? लिखिए।



## भाषा की बात

**1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़े –**

हमारा देश भारत वर्ष है। यह देश हमें बहुत प्यारा है। इस देश में काश्मीर स्वर्ग के समान माना गया है। यहाँ पर ऊँची–ऊँची पहाड़ियाँ हैं, जो बहुत सुन्दर लगती हैं। ऋषि–मुनियों का हमारा देश सत्य–अहिंसा के लिए जाना जाता है। इस देश में गंगा जैसी पवित्र नदियाँ, हिमालय जैसा विशाल पर्वत और ताजमहल जैसी सर्वश्रेष्ठ विश्व धरोहर है।

**उपर्युक्त अनुच्छेद में रेखांकित शब्दों पर ध्यान दीजिए और इन्हें नीचे दी गई तालिका में उपयुक्त स्थान पर भरिए –**

| नामों से संबंधित शब्द | नाम के स्थान पर आने वाले शब्द | विशेषता बताने वाले शब्द |
|---|---|---|
| जैसे–भारत | जैसे – हमारा | जैसे –सुंदर |
| ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ |

**संज्ञा** – किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं ।

**सर्वनाम** – जो शब्द संज्ञा(नाम)के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं। उनको सर्वनाम कहते हैं

**विशेषण** – जो शब्द किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

3. पाठ में से संज्ञा, सर्वनाम व विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।

4.. निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण छाँटिए –

भोपाल, शिक्षक, तुलसीदास, वह, छोटा, लम्बा, शेर , उसका, मेरा, बुरा, बालक, सुन्दर, दिल्ली, रहीम, तुम, आप, अच्छा, काला, पीला, मीठा

| संज्ञा | सर्वनाम | विशेषण |
|---|---|---|
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |
| .................. | .................... | .................... |

5. वाक्यों में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वनाम के उचित रूपों ( कौन, किसकी, किसने, किससे, किसको, ) आदि का प्रयोग कर प्रश्न बनाइए।

(अ) विश्व का गुरु भारत है। ........................................................ ........?

(ब) हम भारत माँ को प्रणाम करते हैं। .....................................................?

(स) मानवता का पाठ भारत ने पढ़ाया है।...............................................?

(द) शांति का संदेश भारत से फैला है।.................................................?

(न) हिमालय भारत की रक्षा करता है ।...................................................?



## अब करने की बारी

1. भारत वर्ष के प्रमुख पर्वतों और नदियों के नाम लिखिए ।
2. भारत के प्राचीन ऋषि–मुनियों के नामों की सूची बनाइए ।
3. भारत में मानवता का पाठ पढ़ाने वाले महापुरुषों के नाम ज्ञात करके उनके बारे में जानिए और उनके चित्रों का एलबम तैयार कीजिए।
4. अपने विद्यालय के पुस्कालय से भारत वर्ष पर केन्द्रित अन्य कविताओं का संकलन कीजिए

——— 0 ———